उत्तर प्रदेश, किसानों को देय अनुदान को डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान करने वाला देश में पहला राज्य बना। डी0बी0टी0 के माध्यम से 80 लाख से अधिक किसानों को रु0 1,431 करोड़ की धनराशि का भुगतान सीधे उनके खाते में किया गया। **'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'** के अन्तर्गत प्रदेश के 2 करोड़ 33 लाख किसाना परिवारों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक इस योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ 87 लाख किसानों को प्रथम किस्त के रूप में लगभग रु0 3 हजार 750 करोड़ की धनराशि व कुल रु0 11 हजार 690 करोड़ की धनराशि किसानों के खातों में डी0बी0टी0 के माध्यम से स्थानान्तरित की जा चुकी है। किसानों को 3.7 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा 1 करोड़ 11 लाख किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किये गये। न्यूनतम लागत में अधिकतम उत्पादन करके तय सीमा में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मेरी सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। किसान पाठशाला के माध्यम से 50 लाख से अधिक किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक में प्रशिक्षित किया गया है। पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के **'कृषि कुम्भ'** का आयोजन किया गया

जिसमें लगभग एक लाख किसानों ने सहभागिता की। गंगा किनारे की 1038 ग्राम पंचायतों के लिए गो-आधारित प्राकृतिक खेती की 526 कार्यशालाएं आयोजित की गयीं।

चीनी उत्तर प्रदेश का कृषि आधारित प्रमुख उत्पाद है तथा प्रदेश में 119 चीनी मिलें संचालित हैं। गत पेराई सत्र 2018-19 में प्रदेश का गन्ना क्षेत्रफल 27.94 लाख हेक्टेयर था और 118.22 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया। पेराई सत्र 2019-20 कुल गन्ना क्षेत्रफल 26.79 लाख हेक्टेयर है। मेरी सरकार द्वारा अब तक 86 हजार 700 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है जिससे **46.20 लाख गन्ना किसान लाभान्वित हुए।** इसमें पिछली सरकार की बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की धनराशि **10 हजार 654 करोड़** रुपये सम्मिलित है। **यह अब तक का रिकार्ड भुगतान है।** पेराई सत्र 2019-20 में कुल देय गन्ना मूल्य 14 हजार 790 करोड़ रुपये के सापेक्ष 8 हजार 454 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। पेराई सत्र 2018-19 के कुल देय गन्ना मूल्य का 97.46 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में पहली बार गन्ना किसानों के भुगतान के लिए चीनी मिलों को सरल ब्याज पर ऋण दिये जाने की योजना बनायी गयी। मेरी सरकार द्वारा प्रदेश की दो बन्द चीनी मिलों पिपराईच व मुंडेरवा के स्थान पर नई चीनी मिलें स्थापित की गयीं। उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम की मोहिउद्दीन चीनी मिल, मेरठ की पेराई क्षमता 2,500 टी0डी0सी0 से बढ़ाकर 3,500 टी0डी0सी0 करायी गयी। सहकारी क्षेत्र की रमाला चीनी मिल, बागपत का विस्तारीकरण किया गया। गन्ना किसानों को सीधे लाभान्वित करने के आशय से गुड़ एवं राब बनाने हेतु **कोल्हू व क्रेशरों की स्थापना को लाइसेंस से मुक्त किया गया।** इसके अतिरिक्त पूर्व स्थापित खाण्डसारी इकाइयों के पुनर्संचालन हेतु **निःशुल्क लाइसेंस नवीनीकरण** की व्यवस्था की गयी।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से गंगा के प्रति जन आस्था व सम्मान का अभिवर्द्धन, गंगा की अविरलता एवं निर्मलता सुनिश्चित करने, प्रदेश के विकास में गंगा केन्द्रित रचनात्मक सोच, गंगा आधारित सतत आर्थिक विकास (अर्थगंगा), गंगा संरक्षण हेतु अध्यात्म, संस्कृति एवं जनसहभागिता के संगम हेतु जनपद बिजनौर से कानपुर एवं बलिया से कानपुर तक 1,358 कि0मी0 **'गंगा यात्रा'** का आयोजन किया गया। यह गंगा यात्रा 27 जनपदों, 21 नगर निकायों, 1,038 ग्राम पंचायतों में दिनांक 27 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2020 तक 05 दिवसों में सम्पन्न हुई। इस अवधि में गंगा यात्रा से जुड़े समस्त 26 विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित गतिविधियां, कार्यक्रम एवं समारोह आयोजित किये गये तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। बढ़ते जल संकट को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी **जल-शक्ति विभाग** का गठन किया गया। वर्तमान में 74 हजार 659 कि0मी0 लम्बी नहर प्रणालियों, 33 हजार 848 राजकीय नलकूपों, 29 पम्प

नहरों, 252 लघु डाल नहरों एवं 69 जलाशयों से लगभग 98.48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। वर्षों से अधूरी पड़ी बाणसागर, पहुज बांध, पथराई बांध, पहाड़ी बांध, लहचूरा बांध, गुंटा बांध, मौदहा बांध तथा जमरार बांध आदि परियोजनाओं को पूरा किया गया। इन परियोजनाओं पर **लगभग 4 हजार 333 करोड़ रुपये** व्यय किये गये। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से **2 लाख 66 हजार 666 हेक्टेयर** सिंचन क्षेत्र में वृद्धि हुई तथा **2 लाख 35 हजार** किसानों को लाभ प्राप्त हुआ।

मेरी सरकार द्वारा प्रदेश की 14 अन्य सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है। इनमें अर्जुन सहायक, भवानी बांध, रसिन बांध, लखेरी बांध, रतौली बियर, जाखलौन पंप नहर की क्षमता की पुनर्स्थापना, जाखलौन पंप नहर, 250 मेगावाट सोलर पावर प्लांट, सरयू नहर, मध्य गंगा, उत्तर प्रदेश वाटर रिस्ट्रक्चरिंग, बंडई बांध, मझगांव चिल्ली स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना, कुलपहाड़ स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना व शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना पर **20 हजार 686 करोड़** रुपये व्यय किये गये, जिससे अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का सृजन होगा तथा 18 लाख 51 हजार किसान लाभान्वित होंगे। **ड्रिप स्प्रिंकलर** सिंचाई योजना से 1.64 लाख किसानों को लाभान्वित किया गया। लगभग 3 लाख निःशुल्क बोरिंग करते हुए **15 लाख हेक्टेयर** सिंचन क्षमता में वृद्धि की गयी।

मेरी सरकार द्वारा हाल ही में **जल जीवन मिशन** आरम्भ किया गया है जिसके अन्तर्गत वर्ष 2024 तक पाइप पेयजल योजना द्वारा **''हर घर जल''** उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2019-20 में 283 पाइप पेयजल योजनाओं को पूरा किया गया है। **नीर निर्मल योजना** के अन्तर्गत 225 परियोजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है और 354 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। **राज्य ग्रामीण पेयजल योजना** के अन्तर्गत 158 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। **मुख्य मंत्री आर0ओ0 पेयजल योजना** के तहत जे0ई0 व ए0ई0एस0 प्रभावित जनपदों तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपदों में 28 हजार 41 परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अल्ट्राफिल्ट्रेशन तकनीकी पर आधारित जल शोधन संयंत्र स्थापित किये गये हैं।

बुंदेलखण्ड जल संकट से सर्वाधिक ग्रसित क्षेत्र रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 07 जनपदों व विन्ध्य क्षेत्र के 02 जनपदों में कुल 6 हजार 537 अनाच्छादित ग्रामों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने के लिए 545 पाइप पेयजल योजनाएं तैयार की गयी हैं जिनमें मार्च, 2020 तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। बुन्देलखण्ड में **8 हजार 384** खेत-तालाबों का निर्माण कराया गया है तथा इस वर्ष **6 हजार 558** खेत-तालाबों का निर्माण प्रस्तावित है।

भूगर्भ जल संसाधनों के समेकित प्रबन्धन एवं प्रभावी संरक्षण हेतु मेरी सरकार द्वारा भूजल प्रबन्धन, वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज के माध्यम से प्रदेश के संकटग्रस्त 271 विकास खण्डों एवं 22 शहरों में **राज्य भूजल संरक्षण मिशन** प्रारम्भ किया गया है।

दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। प्रदेश में **10 ग्रीन फील्ड नवीन डेरी प्लाण्ट्स** की स्थापना की गयी एवं 4 डेरी प्लाण्ट्स का उच्चीकरण किया गया। प्रदेश में गौवंश संरक्षण हेतु सभी जनपदों में दो-दो वृहद गौवंश संरक्षण केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। प्रदेश में कुल 4 हजार 921 गौ-आश्रय स्थलों पर 4.49 लाख निराश्रित गौवंश को संरक्षित किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश सहभागिता के अन्तर्गत अब तक 23 हजार 542 गौ-पालक परिवारों को 46 हजार 786 गौवंश सुपुर्द किए गए हैं। प्रदेश की 39 पंजीकृत गौशालाओं में गौवंश के भरण-पोषण के लिए मण्डी परिषद् द्वारा 22.62 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी है।

ग्राम्य विकास के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाना गांधी जी का स्वप्न था। गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए **श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना** उत्तर प्रदेश के 16 जनपदों में क्रियाशील है। प्रत्येक गरीब के सिर पर छत के सपने को साकार करने की दिशा में प्रदेश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। **प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** में 13.75 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कराया गया है तथा 63 हजार 237 आवासों का निर्माण प्रगति पर है। उपरोक्त के अतिरिक्त **मुख्य मंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** के अन्तर्गत कुल 50 हजार 740 व्यक्तियों को निःशुल्क आवास से लाभान्वित कराया जा रहा है जिनमें 27 हजार 764 मुसहर, 4 हजार 666 वनटांगिया तथा 81 थारू जनजाति के व्यक्ति शामिल हैं।

पहली बार वनटांगिया, मुसहर, कोल एवं थारू जनजाति के 38 ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किया गया, जिससे वन क्षेत्रों में बसे इन गांवों के गरीबों को आवास, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, बिजली एवं राशन कार्ड आदि मूलभूत सुविधाएं मिल सकी हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है और प्रदेश में चिकित्सा सुविधाएं तेजी से बढ़ी हैं। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2016 तक मात्र 12 मेडिकल कॉलेज थे। मेरी सरकार द्वारा निरन्तर नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। 7 मेडिकल कॉलेजों में एम0बी0बी0एस0 के प्रथम वर्ष की पढ़ाई वर्ष 2019-20 में शुरू हो गयी है और हरदोई, एटा, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर व मिर्जापुर में 8 मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त बुलंदशहर, बिजनौर, औरैया, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, ललितपुर, गोण्डा, सुल्तानपुर, कुशीनगर, सोनभद्र व कौशाम्बी में 13 मेडिकल कॉलेज और स्वीकृत हो चुके हैं।

मेरी सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप मातृ मृत्यु दर में सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत गिरावट लाने के लिए उत्तर प्रदेश को भारत सरकार की तरफ से एम0एम0आर0 अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया है। चार दशक से पूर्वांचल के मासूमों के लिए काल बनी इन्सेफेलाइटिस के मामलों में 56 प्रतिशत की कमी हुई है जबकि मृत्यु के आंकड़ों में 81 प्रतिशत की कमी आई है। ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक 104 इन्सेफेलाइटिस केन्द्र स्थापित किये गये हैं तथा जापानी इन्सेफेलाइटिस व एक्यूट इन्सेफेलाइटिस के विरुद्ध अभियान में 3.5 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

ग्रामीण अंचलों में रहने वाली जनता को अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में **टेलीमेडिसिन** की शुरुआत की गयी है जिसके अन्तर्गत दूरस्थ ग्रामों के रोगी मोबाइल फोन के माध्यम से भी कण्ट्रोल रूम से वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों से चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

प्रदेश के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी मलिन बस्तियों में निवासरत करोड़ों व्यक्तियों के दरवाजे तक स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रत्येक ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर **'मुख्य मंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला'** आयोजित कर रही है। इन मेलों में विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों का अधिकाधिक लाभ सामान्य जनमानस को उपलब्ध कराने के लिए टी0बी0, कुष्ठ रोग, संक्रामक रोगों और गैर संक्रामक रोगों तथा गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। दिनांक 2 फरवरी, 2020 से संचालित मात्र दो चरणों के मेलों में 2.94 लाख पुरुषों, 3.48 लाख महिलाओं एवं 1.11 लाख से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया गया है। इसके साथ ही लगभग 21 हजार रोगियों को उपचार हेतु उच्च चिकित्सालयों में संदर्भित किया गया है। इन मेलों में 58 हजार 611 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड भी वितरित किए गए हैं।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 'आयुष्मान भारत' के अन्तर्गत 1 करोड़ 26 लाख लाभार्थियों के परिवारों को तथा **मुख्य मंत्री जन आरोग्य योजना** के अन्तर्गत 10 लाख 56 हजार परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। अब तक 86 लाख से अधिक लोगों को गोल्डन कार्ड वितरित हुए हैं एवं 3 लाख से अधिक व्यक्तियों का योजना के अन्तर्गत उपचार हुआ है।

शिक्षा देश के भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। मेरी सरकार ने **स्कूल चलो अभियान** चलाकर शिक्षा की अलख को जगाया है। शैक्षिक सत्र 2019-20 में **एक करोड़ 80 लाख** छात्रों का नामांकन कराया गया। वर्तमान युग की आवश्यकता को देखते हुए **15 हजार**

प्राथमिक विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में परिवर्तित किया गया तथा **पाठ्य पुस्तकों** का ई-वर्जन, **'ई-पोथी'** के रूप में विकसित किया गया है। प्रदेश के स्कूलों में **एन0सी0ई0आर0टी0 पाठ्यक्रम** लागू किया गया जिनमें मदरसे भी शामिल हैं।

मेरी सरकार द्वारा राज्य में निर्माण श्रमिकों के 1,000 बालक/बालिकाओं एवं अनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने, उनके जीवन में ज्ञान रूपी दीपक प्रज्ज्वलित करने एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए राष्ट्र के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों में **अटल आवासीय विद्यालयों** की स्थापना की जा रही है। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाएगी। विद्यालयों में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं का अनुपात 50:50 होगा। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी समुचित कैरियर काउंसलिंग तथा उनकी प्रवीणता व रुचि के आधार पर उनका कौशल विकास भी किया जायेगा।

माध्यमिक स्तर पर प्रदेश भर में नकल विहीन परीक्षायें कराने में मेरी सरकार ने रिकॉर्ड सफलता प्राप्त की है। शिक्षा के उच्च आदर्श स्थापित करने के उद्देश्य से **149 पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेजों** का संचालन किया जा रहा है। मेरी सरकार द्वारा 7 नवीन राजकीय इण्टर कॉलेज व 01 राजकीय बालिका विद्यालय का लोकार्पण किया गया तथा 193 नये इण्टर कॉलेज शुरू किये गये और 55 नए इण्टर कालेजों की स्वीकृति प्रदान की गयी। मेरी सरकार द्वारा मेधा को सम्मानित करने के लिए मेधावी छात्रों के निवास स्थलों तक 113 सड़कें **डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम गौरव पथ योजना** के अन्तर्गत बनाई गईं और मेधावी छात्रों को एक लाख रुपये की धनराशि, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उच्च शिक्षा के प्रसार हेतु जनपद-सहारनपुर, अलीगढ़ एवं आजमगढ़ में 03 नये राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। इनके अतिरिक्त प्रदेश में 49 नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है जिनमें से 33 राजकीय महाविद्यालयों का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन हिन्दुइज्म, बुद्धिज्म एण्ड जैनिज्म के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है। निजी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं विनियमन हेतु उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 का प्रख्यापन किया गया है।

प्राविधिक शिक्षा से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। मेरी सरकार 24 **राजकीय पालिटेक्निक** एवं उनके लिये 28 छात्रावास निर्मित कराये गये। राज्य में **पॉलिटेक्निक** शिक्षण संस्थाओं की संख्या बढ़कर 1,325 हो गई है और इन शिक्षण संस्थाओं में

सीटों की संख्या बढ़कर 2 लाख 30 हजार 275 हो गई है। प्रदेश में 22 नये **राजकीय पॉलिटेक्निक** विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। प्रतापगढ़, बस्ती, गोण्डा एवं मिर्जापुर में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की संकल्पना साकार होती है। इस क्रम में प्रदेश सरकार **श्रमेव-जयते** की परिकल्पना को मूर्त रूप दे रही है। उत्तर प्रदेश **समन्वित कौशल विकास नीति** प्रख्यापित करने वाला देश में प्रथम राज्य है। एसोचैम द्वारा कौशल विकास में प्रदेश को स्वर्ण ट्राफी प्रदान की गई। उत्तर प्रदेश में 'स्टार्ट-अप' संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये 13 इन्क्यूबेटर कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इण्डिया योजना, मुख्य मंत्री स्व-रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 18 हजार 490 स्व-रोजगारों का सृजन किया गया। सरकार ने अपने सम्पूर्ण कार्यकाल में 10 लाख युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ने के लिये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा **उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन** द्वारा दीर्घ एवं अल्पकालीन रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन द्वारा 5.54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित व 2.05 लाख युवाओं को सेवायोजित किया गया है। इसी प्रकार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा 1.95 लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर सेवायोजित किया गया है।

अवस्थापना सुविधायें विकास के लिये अत्यन्त आवश्यक हैं। विकास की धारा सड़कों के माध्यम से प्रवाहित होती है। प्रदेश के पूर्वांचल में विकास कार्यों में तेजी लाते हुए 341 किलोमीटर लम्बे **पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे** का निर्माण कार्य इस वर्ष पूर्ण कर लिया जायेगा तथा 91 किलोमीटर लम्बे **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे** व 297 किलोमीटर **लम्बे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे** का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा मेरठ से प्रयागराज तक 637 किलोमीटर लम्बे **गंगा एक्सप्रेस-वे** के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। प्रदेश में एक लाख 29 हजार 441 किलोमीटर सड़कें गड्ढामुक्त कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 7 हजार 948 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रदेश में 79 दीर्घ सेतुओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 115 दीर्घ सेतुओं व 304 लघु सेतुओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 86 रेल उपरिगामी सेतुओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रदेश के 26 तहसील मुख्यालयों तथा 152 विकास खण्डों को दो लेन मार्ग से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** में 6 हजार 310 किलोमीटर से अधिक सड़कें निर्मित की गईं। 716 मार्गों की 4 लेन सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर है।

मेरी सरकार द्वारा राज्य में विकास की उड़ान को नये पंख प्रदान करने की दिशा में **'नोएडा इन्टरनेशलन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट'** के लिये **1 हजार** 334 हेक्टेयर भूमि का कब्जा प्राप्त किया जा चुका है। उक्त एयरपोर्ट का विकास इन प्रयोजन हेतु गठित एस0पी0वी0-'यमुना इन्टरनेशनल एयरपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त पिछले तीन वर्षों में प्रयागराज, कानपुर व हिन्डन एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव का निर्माण कर अनेकों शहरों को हवाई सुविधा से जोड़ा जा चुका है। अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, म्योरपुर (सोनभद्र), चित्रकूट व झांसी एयरपोर्ट के विकास का कार्य भी गतिमान है। सरसावा (सहानपुर), अयोध्या एवं मेरठ एयरपोर्ट के विकास हेतु भूमि अधिग्रहीत की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में स्थित विमानपत्तनों से देश के विभिन्न शहरों हेतु 48 उड़ानें व विश्व के विभिन्न शहरों हेतु 12 उड़ाने संचालित हैं।

औद्योगिक विकास किसी राज्य की प्रगति का मापदण्ड है। माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक नया सवेरा आया है। उत्तर प्रदेश को **'मैन्युफैक्चरिंग हब'** बनाने के लिये निवेश फेंडली 21 नई नीतियां बनाई गई हैं। निवेश को बढ़ावा देने के लिये **इन्वेस्टर्स समिट** के आयोजन के पश्चात् **प्रथम एवं द्वितीय ग्राउन्ड ब्रेकिंग सेरेमनी** के माध्यम से लगभग **2 लाख करोड़** रुपये से अधिक के निवेश की परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इन परियोजनाओं से लगभग 25 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बुन्देलखण्ड में **डिफेन्स इण्डस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर** का शिलान्यास किया गया जिसमें **2.5 लाख युवाओं को रोजगार** प्राप्त होगा। प्रदेश में उद्यमियों के अनुकूल वातावरण बनाते हुए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 46 हजार 220 आवेदनों को निस्तारित किया गया। **ईज आफ डूइंग बिजनेस** के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश 92.87 प्रतिशत स्कोर के साथ अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

ग्यारहवें **'डिफेन्स एक्सपो'** का आयोजन भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से लखनऊ में दिनांक 05 से 09 फरवरी, 2020 के मध्य सफलतापूर्वक किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया जिसमें 3 हजार से अधिक रक्षा क्षेत्र के विदेशी प्रतिनिधियों व देश के विभिनन क्षेत्रों के 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर 40 से अधिक देशों के रक्षा मंत्रियों ने कान्फ्रेन्स में प्रतिभाग किया। इस सफल आयोजन के परिणामस्वरूप रक्षा क्षेत्र में कुल 190 एम0ओ0यू0 व अनुबन्ध हस्ताक्षरित किये गये जिसमें से 23 एम0ओ0यू0 उत्तर प्रदेश के डिफेन्स कॉरिडोर में 50 हजार करोड़ का निवेश आकर्षित करेंगे। पहली बार लखनऊ में वायुसेना व थलसेना के एक संयुक्त डिफेन्स-डिस्प्ले का प्रदर्शन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के

युवाओं को भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम एवं गौरवशाली इतिहास को देखने एवं समझने का सुअवसर प्राप्त हुआ। प्रदेश व देश के विभिन्न भागों से लगभग 12 लाख लोगों ने डिफेन्स एक्सपो का भ्रमण किया। एशिया के सबसे सफल डिफेन्स एक्सपो के आयोजन से प्रदेश के डिफेन्स कॉरिडोर की स्थापना को तीव्र गति मिलेगी व नई डिफेन्स इकाइयों की स्थापना से प्रदेश के औद्योगिक विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग कम पूंजी और कम स्थान में व्यापक रोजगार सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे उद्योग पर्यावरण के अधिक अनुकूल होने के साथ-साथ समावेशी विकास एवं रोजगार सृजन की असीम क्षमता रखते हैं। मेरी सरकार द्वारा ऐसे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिये विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क में छूट, ब्याज उपादान व जी0एस0टी0 की प्रतिपूर्ति की सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं। सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना से सम्बन्धित विभिन्न स्वीकृतियों, अनापत्तियों तथा सहमतियों हेतु प्रदेश सरकार द्वारा **निवेश मित्र पोर्टल** की व्यवस्था की गई है।

प्रदेश की एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद के विशिष्ट उत्पाद को चयनित कर विकसित किया जा रहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पारम्परिक हस्तशिल्पियों जैसे बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई आदि की कलाओं के प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार द्वारा **विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना** चलाई गई है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में 20 हजार हस्तशिल्पियों को लाभान्वित कराने हेतु 30 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

मुख्य मंत्री स्वरोजगार योजना युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत विनिर्माण हेतु रु0 25 लाख तक तथा सेवा क्षेत्र में रु0 10 लाख की परियोजना स्थापित कराकर स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अन्तर्गत 3 हजार 487 इकाइयों की स्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष 721 लाभार्थियों को रु0 22 करोड़ 98 लाख मार्जिन-मनी वितरित की जा चुकी है।

हथकरघा उद्योग की रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कृषि क्षेत्र के बाद उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला प्रदूषण रहित विकेन्द्रीकृत कुटीर उद्योग है। हथकरघा उत्पादों के विपणन हेतु उचित अवसर प्रदान करने के लिये प्रदेश के बाहर चार बड़े महानगरों में प्रति वर्ष **यूपी स्टेट स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो** का आयोजन किया जा रहा है। हथकरघा निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश-विदेश में लगने वाली प्रदर्शनियों में प्रदेश के बुनकरों की सहभागिता कराई जा रही है।

विद्युत ऊर्जा के बिना आधुनिक युग में विकास की कल्पना सम्भव नहीं है। माननीय सदस्यगण, मुझे प्रसन्नता है कि प्रदेश भर में विद्युत आपूर्ति की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार

हुआ है जिसके फलस्वरूप जनपद मुख्यालयों मे 24 घण्टे, तहसील मुख्यालयों में 20 घण्टे व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे बिजली आपूर्ति का रोस्टर निर्धारित किया गया है। मेरी सरकार द्वारा प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अब तक 33/11 के0वी0 के कुल 586 नये विद्युत उपकेन्द्र शुरू किये जा चुके हैं तथा 1,058 विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है।

मेरी सरकार द्वारा **वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों** में वृद्धि के लिये **नई सौर ऊर्जा नीति** लागू की गई है। इसे प्रोत्साहित करने के लिये शत-प्रतिशत स्टाम्प शुल्क में छूट दी गई है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के उत्पादन की क्षमता अब बढ़कर 949 मेगावाट हो गई है। सार्वजनिक उपयोग के क्षेत्र में ग्रामीण बाजारों की प्रकाश व्यवस्था हेतु **पं0 दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना** तथा राजस्व ग्रामों में मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु **मुख्य मंत्री समग्र ग्राम विकास योजना** संचालित की जा रही है।

नगर विकास की परिकल्पना स्वच्छता से ही साकार होती है। माननीय सदस्यगण, मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रदेश के 14 निकायों को भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सम्मानित किया गया। प्रदेश के सभी 75 जनपद 'खुले में शौच मुक्त' **(ओ0डी0एफ0)** घोषित हो चुके हैं। प्रदेश में 8 लाख 33 हजार व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया।

नगरों में चार हजार सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया। **अटल नवीकरण एवं शहरी रूपान्तरण मिशन (अमृत) योजना** के अन्तर्गत प्रदेश के 60 शहर आच्छादित किय गये। **नमामि गंगे परियोजना** के अन्तर्गत 45 सीवरेज परियोजनाएं प्रारम्भ की गईं जिनमें से 12 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है जिसके अन्तर्गत स्वीकृत 15.63 लाख आवास के सापेक्ष अब तक 9.13 लाख आवास निर्माणाधीन हैं व 3.81 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। **स्मार्ट सिटी योजना** के अन्तर्गत चयनित दस प्रमुख शहरों- लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद व अलीगढ़ में 20 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

किसी राज्य की व्यवस्था का मूल्यांकन समाज के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से होता है। मेरी सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण हेतु कृत संकल्प है तथा इस उद्देश्य से विभिन्न योजनायें चलाई जा रही हैं।

मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत निर्धन परिवारों की एक लाख से अधिक गरीब कन्याओं की शादी कराई गई। इस योजना हेतु पूर्व निर्धारित 35 हजार रुपये की

सहायता धनराशि को बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। **प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम** के अन्तर्गत 42 राजकीय इण्टर कालेजों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है।

मेरी सरकार वृद्धजनों के प्रति भी संवेदनशील है। **वृद्धावस्था पेंशन योजना** की धनराशि चार सौ रुपये बढ़ाकर पांच सौ रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। इस योजना के अन्तर्गत 44 लाख से अधिक वृद्धजनों को पेंशन दी जा रही है।

अल्पसंख्यक कल्याण की दिशा में मेरी सरकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिये कृत संकल्प है। मान्यता प्राप्त मदरसों एवं मकतबों में धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों की शिक्षा भारत सरकार की वित्त पोषित योजना के अन्तर्गत प्रदान की जा रही है।

माननीय सदस्यगण, हम स्वाधीनता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऋणी हैं। मेरी सरकार द्वारा उन्हें व उनके आश्रितों को पेंशन व अनुदान स्वीकृत किये जाने की योजना के अन्तर्गत मासिक पेंशन की धनराशि को बढ़ाकर 20 हजार 176 रुपये कर दिया गया है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एक सहचर सहित राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके आश्रितों को राजकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा व भोजन की सुविधा अनुमन्य है। इसके अतिरिक्त उनके लिये लखनऊ तथा मथुरा में **'सेवा सदन'** संचालित है।

महिला कल्याण देश की प्रगति का पैमाना है। मेरी सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण की दिशा में **नारी सशक्तिकरण संकल्प अभियान** चलाया गया। प्रदेश के सभी जनपदों हेतु 181 महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेण्टर व रेस्क्यू वैन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु **मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना** लागू की गई है जिसके अन्तर्गत अब तक 2 लाख 60 हजार से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। **प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना** के अन्तर्गत प्रदेश में 18 लाख 57 हजार 38 लाभार्थी लाभान्वित हुए। **निराश्रित महिला पेंशन योजना** के अन्तर्गत वर्तमान में 24 लाख 75 हजार से अधिक लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

स्वस्थ जीवन की आधारशिला बाल्यावस्था से ही प्रारम्भ होती है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में **समेकित बाल विकास सेवा योजना, अनुपूरक पुष्टाहार योजना** व **हॉट कुक्ड फूड योजना** संचालित की जा रही है। बाल विकास हेतु **आंगनबाड़ी कार्यक्रम** के अतिरिक्त **किशोरी बालिकाओं के लिये योजना** के माध्यम से किशोरी बालिकाओं को व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

युवा देश के भविष्य निर्माता हैं। युवा आकांक्षाओं से परिपूर्ण भारत एक युवा राष्ट्र है। मेरी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक विकास एवं उनमें देश प्रेम की भावना उत्पन्न करने के लिये खेल-कूद प्रतियोगिताओं, युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन व प्रशिक्षण, राज्य स्तरीय युवा उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा **विवेकानन्द यूथ अवॉर्ड योजना** जैसे कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

युवाओं के प्रेरणाश्रोत एवं महामनीषी स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस के अवसर पर **राष्ट्रीय युवा उत्सव** के 23वें संस्करण का भव्य आयोजन 12 से 16 जनवरी, 2020 के मध्य लखनऊ में किया गया। इसमें 24 प्रदेशों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 7,000 युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के लगभग 2,000 युवा प्रतिभागी एवं यूथ आईकान भी सम्मिलित हुए। इस उत्सव में सम्पूर्ण भारत वर्ष से आये युवा प्रतिभागियों की उपस्थिति से एक लघु भारत की छवि प्रदर्शित हुई तथा प्रदेश के युवा भी अन्य प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सके। यह उत्सव प्रदेश के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचरण करने तथा देश की एकता व अखण्डता की भावना को पुष्ट करने की दृष्टि से अत्यन्त सफल रहा।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु मेरी सरकार संवेदनशील है। दिव्यांगजन के सम्मान और सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश को भारत सरकार द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मेरी सरकार द्वारा **उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना, 2019** दिव्यांग विवाह कराने के उद्देश्य से आरम्भ की गई है। **दिव्यांगजन पेंशन** की धनराशि 300 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है जिसके अन्तर्गत 10.47 लाख दिव्यांगों का लाभान्वित किया जा रहा है। डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में एक विशिष्ट स्टेडियम प्रस्तावित है। लखनऊ में मूक-बधिर बालक तथा जनपद गोरखपुर में बालिका विद्यार्थियों के लिये इण्टर कालेज व मानसिक दिव्यांगजन के शिक्षण हेतु जनपद प्रयागराज में **ममता विद्यालय** स्थापित किया जा रहा है।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, भारत क्षेत्र का सातवां सम्मेलन दिनांक 15 से 19 जनवरी, 2020 के मध्य राजधानी लखनऊ में आयोजित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस सम्मेलन का आयोजन लखनऊ में प्रथम बार किया गया। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्य विधान मण्डलों के पीठासीन अधिकारियों सहित विभिन्न देखों के विधायी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण भी सम्मिलित हुए। इस चार दिवसीय सम्मेलन में जन प्रतिनिधियों की भूमिका एवं उनमें विधायी क्षमता विकसित करने पर गम्भीर चर्चा हुई। सम्मेलन में संसदीय लोकतंत्र के 'वेस्टमिन्सटर मॉडल' में आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय आकांक्षाओं की परम्परा के विकास पर भी चर्चा की गई। इस सम्मेलन की लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण एव संवर्धन में योगदान हेतु विश्व स्तर पर सराहना हुई।

पर्यटन से हमारी सांस्कृतिक, प्राकृतिक तथा भौगोलिक विरासत को समृद्धि प्राप्त होती। पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु **''यू0पी0 नहीं देखा तो इण्डिया नहीं देखा''** तथा कुम्भ के लिये **''सर्वसिद्धिप्रदः कुम्भः''** की टैग लाइन जारी की गई। अयोध्या में दीपोत्सव, मथुरा में कुष्णोत्सव, वाराणसी में देव दीपावली तथा बरसाना में रंगोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। **स्वदेश दर्शन योजन** के अन्तर्गत रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट, हेरिटेज सर्किट एवं स्प्रिचुअल सर्किट, बुन्देलखण्ड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, महाभारत सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी सर्किट एवं जैन सर्किट का चिन्हांकन कर समेकित पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधायें प्रस्तावित हैं। वाराणसी में सांस्कृतिक केन्द्र तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म स्थल बटेश्वर का विकास कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा चन्दौली में देवदरी राजदरी वाटरफाल के साथ-साथ 46 पर्यटन योजनाओं का विकास कराया जा रहा है।

सरकार अपने हर मिशन, हर संकल्प को जनता के सहयोग से पूरा कर रही है। माननीय सदस्यगण, मैंने आपके समक्ष सरकार की आधारभूत नीतियों और महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की है। शीघ्र ही वित्तीय वर्ष 2020-2021 का आय-व्ययक सदन में प्रस्तुत किया जायेगा।

माननीय सदस्यगण, मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की आम जनता के हित में सभी माननीय सदस्यगण मेरी सरकार का सहयोग कर जनाकांक्षाओं को पूरा करने में अपना बहुमूल्य योगदान करेंगे तथा इस सदन की गरिमा व महानता को बनाये रखेंगे। मेरी सरकार जनकल्याण के लिये समर्पित है और सुविचारित नीतियों से उत्तर प्रदेश में एक ऐसा वातावरण तैयार करने के लिये प्रतिबद्ध है जहां से समृद्धि और विकास के अनेक पथ प्रशस्त होते हैं।

मैं आशा करती हूं कि प्रदेश को विकास के मार्ग पर तेजी से आगे ले चलने में आप सबका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा।]

श्री अध्यक्ष-

अभिभाषण के अन्त में कहा गया है कि इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सबके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की मंगल कामना करते हुए आपको हार्दिक धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे अपने मध्य आने और मेरी सरकार के कार्य-कलापों को प्रस्तुत करने का सुअवसर प्रदान किया। जय हिन्द।

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाता है।

[12.32 बजे] उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2020†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-01, सन् 2020) को सदन के पटल पर रखता हूं।

[12.33 बजे] संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1528/ग्यारह- 9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(70)-2019, दिनांक 26 नवम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1528/ग्यारह-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(70)-2019, दिनांक 26 नवम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1525/ग्यारह-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(71)-2019, दिनांक 09 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1525/ग्यारह-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(71)-2019, दिनांक 09 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1612/ ग्यारह-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(73)-2019, दिनांक 09 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1612/ग्यारह-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(73)-2019, दिनांक 09 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

---

† छापी नहीं गई।

राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1522/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017- आदेश(75)-2019, दिनांक 13, दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1522/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(75)-2019, दिनांक 13, दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017)की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1530/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(77)-2019, दिनांक 13 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1530/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(77)-2019, दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1531/ग्यारह-2-9 (47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(78)-2019, दिनांक 13 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1531/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(78)-2019, दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त, कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1743/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(79)-2019, दिनांक 13 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1743/ग्यारह-2-9(47)-17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(79)-2019, दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

---

† छापी नहीं गई।

संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1793/ग्यारह-2-9(134)-17-उ0प्र0अधि0-5- 2008-आदेश(80)-2019, दिनांक 17 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1793/ग्यारह-2-9(134)-17-उ0प्र0अधि0-5- 2008-आदेश(80)-2019, दिनांक 17 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-5 सन् 2008) की धारा-4 की उपधारा(5) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1523/ग्यारह-2-9(47)/17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(81)-2019, दिनांक 19 दिसम्बर, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1523/ग्यारह-2-9(47)/17-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश(81)-2019, दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

[12.39 बजे] कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 12 फरवरी, 2020 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 13 फरवरी, 2020 से दिनांक 07 मार्च, 2020 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :-

1-दिनांक 13 फरवरी, 2020 को कोई सूचनाएं न ली जायं।

2-दिनांक 18 फरवरी, 2020 को पूर्वाह्न 11:00 बजे वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण किया जाय एवं उस दिन नियम-56 की सूचनाएं न ली जायं तथा प्रश्नकाल न हो।

3-दिनांक 14 फरवरी, 2020 को निधन के निर्देश अर्थात निधन की सूचनाएं ली जायं।

---

† छापी नहीं गई।

तद्नुसार दिनांक 13 फरवरी, 2020 से दिनांक 07 मार्च, 2020 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :-

फरवरी, 2020

13 गुरुवार	**1-11:00 बजे पूर्वाह्न** राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष मा0 राज्यपाल का अभिभाषण। **2-12:30 बजे अपराह्न** (1) मा0 राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना। (2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हों।
14 शुक्रवार	1-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनाएं। 2-मा0 राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा। 3-प्रथम असरकारी दिवस (आधा दिन)।
15 शनिवार 16 रविवार	बैठक नहीं होगी।
17 सोमवार	मा0 राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
18 मंगलवार	**1-11:00 बजे पूर्वाह्न** वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण। 2-मा0 राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
19 बुधवार	मा0 राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
20 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।
21 शुक्रवार	बैठक नहीं होगी। (महाशिवरात्रि का अवकाश)
22 शनिवार 23 रविवार	बैठक नहीं होगी।
24 सोमवार 25 मंगलवार 26 बुधवार 27 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

फरवरी, 2020

28 शुक्रवार	वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
29 शनिवार	बैठक नहीं होगी।

मार्च, 2020

01 रविवार	बैठक नहीं होगी।
02 सोमवार 03 मंगलवार 04 बुधवार 05 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
06 शुक्रवार	1-वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान (आधा दिन)। 2-द्वितीय असरकारी दिवस (आधा दिन)।
07 शनिवार	1-वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान। **2-3:00 बजे अपराह्न** उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2020 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है से सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव जो माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने सदन में प्रस्तुत किया है, से यह सदन सहमत है।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

अब हम कल पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 43 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ।
दिनांक 13 फरवरी, 2020

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0-16 विधान सभा (27)-29-05-2021-631 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।